प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 29.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- देवघर में भीषण सड़क दुर्घटना में छह कांवरियों की मौत, 20 से ज्यादा घायल, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया दुख।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पांच वर्ष पूरे, दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम में झारखंड समेत सभी राज्यों के शिक्षा मंत्री हुए शामिल।
- अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर आज राज्य में कई जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन, पलामू टाइगर रिजर्व में बाघों के संरक्षण और उनकी संख्या बढ़ाने के लिए उठाये गये हैं कई कदम।
- रांची, दुमका और गिरिडीह समेत दस जिलों में आज भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।
- जमशेदपुर में आयोजित 134वें डुरंड कप फुटबाल टूर्नामेंट में आज जेएफसी जमशेदपुर और भारतीय सेना एफटी के बीच होगा मुकाबला।

***********************

देवघर के बाबा धाम नगरी में भीषण सड़क हादसा हुआ है। बाबा नगरी से बासुकीनाथ जा रही कांवरियों से भरी बस मोहनपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया में एक एलपीजी सिलेंडर लदे ट्रक से टकरा गई। हादसे में छह कांवरिया की मौत हो गई है जबकि 20 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने घटना पर दुख व्यक्त किया है। इस दुखद घटना पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने भी गहरा शोक जताते हुए जिला प्रशासन को तत्काल और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

***********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देवघर में हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने इस दुर्घटना को दुखद बताया। श्री मोदी ने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की।

***********************

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पांच वर्ष पूरे होने पर आज नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में अखिल भारतीय शिक्षा समागम का आयोजन किया गया है। समागम में झारखंड समेत सभी राज्यों के शिक्षा मंत्री शामिल हुए। मौके पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि नयी शिक्षा नीति ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वाकांक्षी रोडमैप तैयार किया है।

***********************

लोकसभा में आज दूसरे दिन भी ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा जारी है। चर्चा का जवाब देते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिये आंतकियों और उन्हें संरक्षण देने वाले पाकिस्तान को भारत ने माकूल जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि दुश्मन देश को ऐसा सबक सिखाया गया है कि भविष्य में ऐसा दुःसाहस नहीं किया जा सकेगा।

***********************

आज अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जा रहा है। इस खास दिवस पर राज्य में कई जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस मौके पर पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने कहा कि बाघों की संख्या बढ़ाने को लेकर कई कदम उठाए गए हैं।

गौरतलब है कि यह दिन बाघों के प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा और दुनिया भर में उनके संरक्षण प्रयासों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर वर्ष 29 जुलाई को वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है।

***********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

***********************

हजारीबाग कोर्ट परिसर में पोक्सो और मोटर व्हीकल एक्ट को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिले भर के पुलिस पदाधिकारीयों को न्यायिक पदाधिकारियों ने एक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। हजारीबाग के प्रधान सत्र एवं जिला न्यायाधीश रंजीत कुमार ने त्वरित न्याय और बेहतर अनुसंधान पर जोर दिया।

***********************

जामताड़ा जिले की महिलाएं योग केंद्रों से जुड़कर नियमित रूप से योगाभ्यास कर रही है।

***********************

घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स और निफ्टी आज स्थिर रहे। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 75 अंक गिरकर 80 हजार 816 पर और एनएसई निफ्टी 11 अंक की मामूली गिरावट के साथ 24 हजार 670 पर बंद हुआ।

***********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 91 हजार 1 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 19 हजार रूपये है।

***********************

राज्य में मानसून पूरी तरह सक्रिय है। मौसम विभाग ने आज रांची सहित 10 जिलों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में तेज गर्जन, वज्रपात और हवाओं का भी खतरा बताया गया है। जिन जिलों को येलो अलर्ट की श्रेणी में रखा गया हैं, उनमें रांची, देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, हजारीबाग और कोडरमा शामिल हैं।

***********************

134वें डुरंड कप फुटबाल टूर्नामेंट में जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आज शाम चार बजे जेएफसी जमशेदपुर और भारतीय सेना एफटी के बीच मुकाबला होगा। मैच के दौरान खेल प्रेमियों के स्टेडियम में निशुल्क इंट्री की व्यवस्था की गई। मैच को लेकर लोगों में खासा उत्साह है।

***********************